हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 मार्च 2024

06 नगर पालिका ने 3 दुकानदारों पर लगाया ...



07 नपा के नवागत सीएमओ अपने ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2800 | 4350 |
| गेहूं 1544 | 2000 | 3067 |
| चना | 4200 | 5751 |
| मसूर | 4200 | 5955 |
| सोयाबीन | 2907 | 4500 |
| सरसों | 3800 | 5360 |
| धान | 1900 | 3720 |
| तेवड़ा | 4180 | 4401 |
| धनिया | 4700 | 4700 |
| उड़द | 0000 | 0000 |

## खबर संक्षेप

### निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आज

**विदिशा।** शनिवार को हड्डी एवं जोड़ रोग जांच तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन शिवायु औषधी भंडार कन्हैया हजारी का बाड़ा में किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में आधुनिक तकनीकी मशीन द्वारा हड्डी की बोन मेरो डेनसिटी की जांच निशुल्क की जाएगी। शिवायु औषधी भंडार के संचालक डॉ. अनिल अग्रवाल एवं डॉ. ममता अग्रवाल ने बताया कि सामान्य तौर पर यह जांच 1 हजार से 2 हजार रुपए में होती है। जबकि उक्त शिविर में यह जांच निशुल्क की जाएगी।

### शिव मंदिर पर गो कथा का आयोजन

**ग्यारसपुर।** शिव मंदिर ब्लॉक कॉलोनी में गोकथा का रात्रि कालीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम के गौ भक्त एवं महिलाओं ने अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण किया। गो कथा का श्रवण कराते हुए साध्वी ने कहा कलयुग में गौ सेवा करने से मनुष्य का कल्याण निश्चित है। गौ को साधन नहीं साध्य समझे बिना गौ माता के हमारे सनातन धर्म में किसी भी देवी देवता का मांगलिक कार्य पूजन कर्म संभव नहीं है। उन्होंने कहां की आज के युग में गौ माता की महिमा को नहीं समझा जा रहा। गौ माता को घर से निकाला जा रहा है। हिंदू धर्म में गाय को पूज्यनीय स्थान प्राप्त है। मान्यता है कि बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है। गाय में 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है मान्यता है कि गाय की सेवा करने से जहां सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं। वहीं घर में सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है।

### हाईवे क्रमांक 146 को टू लेन से फोर लेन करने किया जा रहा है चौड़ीकरण

# बायपास पर अधिग्रहित भूमि से ज्यादा पर फोरलेन निर्माण का किया विरोध

भोपाल सागर हाईवे पर अग्रवाल एकेडमी स्कूल से मिर्जापुर तक निकले बायपास पर फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। बायपास पर ओवर ब्रिज, अंडर पास और सर्विस लाइन भी बनाई जा रही है। जिस तरीके से बायपास का चौड़ीकरण किया जा रहा है उससे कई लोग प्रभावित हो रहे हैं। जिसको लेकर शुक्रवार को एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से मिला और मौका मुआयना करने की मांग की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा सागर बायपास के चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को कुछ लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य का विरोध करते हुए मूल नक्शानुसार बायपास के निर्माण की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि रोड बनाया जा रहा है वह नियम अनुसार नहीं है। पूर्व में राजस्व विभाग द्वारा नपती कर निशान लगाए गए थे उन निशानों से हटकर रोड डाला जा रहा है। जिससे कई प्लाटधारी और किसान प्रभावित हो रहे हैं। प्रभावित व्यक्तियों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि पूर्व में जो निशान लगाए गए थे और जो नक्शा राजस्व विभाग के द्वारा दिया गया था उसके अनुरूप ही बायपास का चौड़ीकरण किया जाए। क्योंकि उसी अनुसार जमीन अधिग्रहण की गई थी। अब जिस जमीन पर निर्माण किया जा रहा है उस पर अधिग्रहण की कार्रवाई नहीं की गई है। न ही उन्हें किसी प्रकार का पत्र देकर अवगत कराया गया है। कलेक्टर को ज्ञापन देकर मौका मुआयना कर वास्तविक स्थिति का अवलोकन करने और राष्ट्रीय राजमार्ग 146 का पूर्व अधिग्रहित भूमि पर ही सड़क निर्माण की मांग की गई है। जब तक वास्तविक आंकलन हो तब तक के लिए निर्माण का स्थगन आदेश जारी करने की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में संजय भंडारी, राजेश जैन, ऋषि भदौरिया, विनीत दांगी, रविकांत शर्मा, संतोष रघुवंशी, कृष्ण बिहारी शर्मा, बंटी जैन, देवेंद्र धाकड़, अखिल वीर पांडे, दुर्गा प्रसाद साहू, जहीर खान, इमरान खान, धर्मेंद्र सिंह, डालचंद सोनी, अरविंद श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।



विदिशा। फोरलेन निर्माण के संबंध में प्रभावितों के साथ कलेक्टर को जानकारी देते जनप्रतिनिधि।

### हाईवे का निर्माण कर रहे ठेकेदार पर मनमानी करने का आरोप

भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा के साथ पहुंचे प्रभावित होने वालों ने बताया कि पूर्व में अधिग्रहित भूमि के सीमा चिन्ह आज भी मौजूद हैं। निमार्ण एजेंसी द्वारा सीमा चिन्ह लगाए गए जो भिन्न हैं। जिससे किसानों एवं भूमि स्वामियों के साथ-साथ राजस्व विभाग को भी अत्यधिक हानि हो रही है। जिन भी व्यक्तियों की भूमि शासन द्वारा पूर्व में मुआवजा देकर अधिग्रहित की गई थी वह भूमि वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग 146 के फोर लेन बनने हेतु लगाए गए सीमा चिन्हों से अभी भी शेष रह रही है। उसके स्थान पर सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा नियमानुसार वर्तमान रोड की मध्य लाइन को छोड़कर मनमाने ढंग से नियम विरूद्ध मध्य लाइन को छोड़कर दूसरी तरफ पंद्रह फीट शिफ्ट कर आसपास की निजी भूमि पर बिना किसी मुआवजा अधिग्रहण के गैर कानूनी तौर पर रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### यह है मामला

राष्ट्रीय राजमार्ग 146 का वर्तमान में विस्तारीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 146 को टू लेन से फोर लेने किया जा रहा। जिसकी निर्माण एजेंसी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारण है। उक्त मार्ग के विस्तारीकरण हेतु पूर्व में ही राजस्व विभाग द्वारा ग्राम टीलाखेड़ी की भूमि को अधिग्रहित किया जा चुका था परंतु वर्तमान में निर्माण ऐजेंसी द्वारा किए जाना वाला कार्य पूर्व अधिग्रहित भूमि पर न होकर बिना अधिग्रहित भूमि पर भी किया जा रहा है। जिससे आसपास के किसानों व भूमि स्वामियों की निजी भूमि प्रभावित हो रही है।

### हाईवे के बीच से नपती कराने की मांग

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में हाईवे के बीच नपती कराने की मांग की गई है। स्थानीय लोगों ने हाईवे के बीच से नपती करने की बात कही थी लेकिन ठेकेदार के कर्मचारियों ने नहीं सुनी। ऐसी स्थिति में हाइवे की सड़क पहले की तरह घुमावदार बनेगी। दुर्घटनाओं की आशंका रहेगी।

### दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस द्वारा चलाए जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सीएसपी अतुल सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी शाहबाज़ ख़ान एवं टीम द्वारा फरार चल रहे 2 स्थाई वारंटी रोहित साहू पिता धर्मचन्द साहू निवासी बरईपुरा और शुभम उर्फ़ चंकी पिता कैलाश निवासी पूरनपुरा को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब की बिक्री पर की कार्रवाई

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ के अंतर्गत खिरिया टपरियों से पुलिस ने देवी प्रसाद लोधी पिता राम प्रसाद लोधी उम्र 50 वर्ष से 34 क्वार्टर शराब जब्त की है। नवागत थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक में दिशा निर्देश दिए थे कि अगर कहीं पर भी अवैध तरीके से शराब, गांजा, जुआ, सट्टा जैसे कोई भी गतिविधियां होगी तो कार्रवाई होगी।

### स्वीप गतिविधियों को लेकर बैठक आयोजित

**विदिशा।** लोक सभा निर्वाचन को देखते हुए विदिशा विधानसभा क्षेत्र 144 में मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें स्वीप गतिविधियों के आयोजन संबंध में रूपरेखा तैयार की गई है। बैठक में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में दर्ज मतदाताओं को मतदान करने के लिए अभिप्रेरित करने हेतु स्वीप गतिविधि अंतर्गत निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

# ट्रेन में किलकारी: गर्भवती ने बच्ची को दिया जन्म, महिला यात्रियों ने कराई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ डॉक्टर ने बताया कि अब जच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं।

नासिक से सतना जा रही एक महिला ने ट्रेन में एक बच्ची को जन्म दिया है। विदिशा रेलवे स्टेशन पर महिला को उतारा गया और हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। नासिक में मिस्त्री का काम करने वाले कृष्ण मुरारी रावत अपनी गर्भवती पत्नी रेशमा और छोटी बच्ची के साथ कामायनी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर करते हुए सतना की ओर जा रहे थे।

इटारसी निकलने के बाद आधी रात 3 बजे के लगभग कृष्ण मुरारी की पत्नी रेशमा को प्रसव पीड़ा हुई। भोपाल आते-आते रेशमा को जब दर्द ज्यादा होने लगा तो रेशमा की जनरल बोगी में मौजूद दो महिलाओं की मदद से नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। वहीं बोगी में मौजूद एक अन्य युवक की मदद से इसकी सूचना आरपीएफ विदिशा को दी गई। भोपाल में सूचना समय पर नहीं देने के कारण प्रसूता और उसकी बच्ची को विदिशा में आरपीएफ की मदद से उतर गया। आरपीएफ ने जानकारी देते हुए बताया की सूचना मिलते ही एंबुलेंस को स्टेशन पर बुला लिया गया था। सुबह 5 बजे जैसे ही कामायनी एक्सप्रेस विदिशा रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जच्चा बच्ची और उनके परिवार को उतारा गया और एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने बताया कि अब जच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं।



# स्टेडियम में भिड़े कुश्ती और फुटबॉल खिलाड़ी

### विवाद के बाद मची भगदड़, दोनों पक्षों को थाने लेकर आई पुलिस, समर्थक और परिजन भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

■ बच्ची को धक्का देने के कारण शुरू हुआ विवाद।

गुरुवार की रात में खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच में विवाद हो गया। जिसके बाद मामला बढ़ गया और हाथापाई पर जा पहुंचा। फुटबॉल खिलाड़ियों ने कुश्ती के खिलाड़ियों के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी लगते पुलिस स्टेडियम पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई।

खिलाड़ियों के बीच विवाद की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के खिलाड़ियों को थाने ले गई। वहीं कुश्ती और फुटबाल खिलाड़ियों के समर्थक और परिजन थाने पहुंचे। कोतवाली थाने में देर रात का दोनों पक्षों एकत्रित हो गये। बताया गया कि एक बच्चे को फुटबॉल लगने के बाद विवाद शुरू हुआ था। जिसके चलते कुश्ती खिलाड़ियों और फुटबाल खिलाड़ी आमने सामने हो गए। फुटबॉल खिलाड़ी स्टेडियम के एक हिस्से पर अपना कब्जा जमाना चाहते हैं और वह अन्य खिलाड़ियों को खेलने और प्रैक्टिस करने से रोकते हैं। जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। मारपीट में घायल हुए कुश्ती पहलवान ने बताया कि वे अपने बेटे और परिवार के साथ स्टेडियम में प्रैक्टिस के लिए पहुंचे थे। उनके साथ एक छोटी बच्ची भी थी, फुटबॉल के एक खिलाड़ी ने बच्ची को धक्का दे दिया। जिसके वाद विवाद की शुरू हो गया। कुछ ही देर बाद कुश्ती पहलवान का बेटा समझाइश देने पहुंचा तो उसकी गिरेबान पकड़ ली। बेटे को पिटता देख पिता भी समझाइश देने पहुंचे। करीब आधा दर्जन से ज्यादा फुटबॉल खिलाड़ियों ने पहलवान के परिवार के साथ मारपीट कर दी।



विदिशा। विवाद के बाद स्टेडियम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी हो गए थे एकजुट।

# चार बाइक सहित एक लाख की सागौन की लकड़ी जब्त, पर चोर पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 4 बाइक सहित एक लाख की लकड़ी जब्त की है। गुरुवार की रात 9 बजे वन विभाग ने गस्त के दौरान देहरी और रायपुरा के जंगल में कुछ बाइक जंगल में देखीं।

वन विभाग व पुलिस सयुंक्त दल बनाकर मौके पर पहुंची। चोर मौके से भागने लगे। जिसमें 5 से 6 बाइक का पीछे किया गया। लक्कड़ चोर बाइक छोड़कर अंधेरे का लाभ लेकर जंगल में फरार हो गए। वन अमले द्वारा मौके से दो बाइक जब्त की गईं। अन्य बाइकों का पीछा करते हुए आगे की तरफ बढ़े। इसी बीच अन्य दल से सूचना मिली कि भूरापानी के जंगल से झिरनिया होते हुए दो से चार बाइक लकड़ी लेकर के वहां से निकल चुकी हैं जो कि भोपाल रोड पर पहुंचकर मधुसूदनगढ़ की तरफ जा रहे हैं। तत्काल मधुसूदनगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मधुसूदनगढ़ पुलिस ने तत्काल एक्शन में आते हुए वन अमले के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई कर भोपाल बायपास पर दो बाइक को लकड़ी सहित जब्त किया। वन विभाग द्वारा चार बाइक 70 से 80 नग सागौन जिसकी कीमत लगभग एक लाख की लकड़ी जब्त की। रेंजर मुकेश केन ने बताया की कार्रवाई जारी रहेगी।



लटेरी। कार्रवाई के दौरान चार बाइक जब्त की गईं।

### खरी के सहायक शिक्षक निलंबित

**विदिशा।** बिना सूचना अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर शासकीय हाईस्कूल खरी के सहायक शिक्षक अनूप कुमार जैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर ने बताया की सहायक शिक्षक अनूप कुमार जैन 27 मई 2022 से लगातारअनुपस्थित हैं। कलेक्टर के आदेश पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबित सहायक शिक्षक अनूप जैन को पांच दिवस के भीतर अपना पक्ष रखने के लिए निर्देशित किया गया है। अनुपस्थिति की दशा में विभागीय कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्ति की कार्रवाई के लिए स्वंय उत्तरदायी होंगे।

### आदर्श होली समिति की बैठक आज बाल विहार परिसर में होगी

**विदिशा।** आदर्श होली उत्सव समिति के तत्वावधान में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति एवं जन चेतना मंच के सहयोग से 25 मार्च को माधवगंज हास्पिटल रोड़ से समाजसेवी राघवजी भाई के निवास से सुबह 9 बजे जुलूस निकाला जाएगा। जिसको लेकर एक बैठक आज शनिवार शाम 5 बजे स्थान बाल विहार में रखी जाएगी। यह जानकारी संयोजक बंटी महाराज ने दी है।

### प्राथमिक उपचार के लिए किट उपलब्ध कराई

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** रेडक्रास सोसायटी ने सर्वाधिक दुर्घटनाग्रस्त होने वाले स्थान डेंजर पॉइंट पर प्रारंभिक उपचार (फर्स्ट एड बाक्स) उपलब्ध करवाने की पहल की है। विदिशा -सागर बाईपास पर अग्रवाल रेस्टोरेंट में पहला फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराया गया है। इस किट में स्ट्रेचर, नेक कॉलर, डिप बेल्ट,आर्म् पाउच, बेन्डेज इस प्रकार 22 सामग्री उपलब्ध कराई गईं हैं। रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. सचिन गर्ग ने बताया कि दुर्घटना के बाद यदि प्रारम्भिक उपचार समय रहते मिल जाए तो दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी आ सकती है। रेडक्रास द्वारा अन्य डेंजर जोन में भी यह सुविधा चिन्हित कर उपलब्ध कराई जाएगी।

# शिविर आयोजित कर जल का महत्व बताया

**विदिशा।** महाराणा प्रताप कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट ने लायंस क्लब विदिशा मेन के साथ अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब प्रेसिडेंट और महाराणा प्रताप कॉलेज के संचालक लायन यशवंत प्रताप सिंह राठौड़, लायंस क्लब कोषाध्यक्ष लायन राजाराम राजपूत, लायन प्रीतम सिंह राय, कॉलेज प्राचार्या अंजना सिंह,, भेलसा शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष समाजसेवी बबीता सिंह चौहान, डॉ. सुविधा पांडे, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र अहिरवार सहित 50 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। वक्ताओं द्वारा जल के महत्व को समझाया। क्लब अध्यक्ष श्री राठौड़ द्वारा छात्रों के प्रश्नों का जवाब देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, सोखता गड्डों के निर्माण सहित वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में सबको जागरूक करते हुए जल बचत और संरक्षण हेतु शपथ दिलाई, प्राचार्या श्रीमति सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



### मतदान प्रतिशत बढ़ाने बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार की गई

# मानव श्रृंखला, साइकिल रैली सहित नुक्कड़ नाटक से मतदान करने किया जाएगा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र 144 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बैठक लेकर स्वीप गतिविधियों के आयोजन के संबंध में रूपरेखा तैयार की।

बैठक में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में दर्ज मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने स्वीप गतिविधि अंतर्गत निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही डोर टू डोर संपर्क स्थापित कर मतदाताओं को मतदान के लिए अभिप्रेरित करने के साथ-साथ आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए अभिप्रेरित करें का संदेश प्रसारित करें के निर्देश विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को दिए गए हैं। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पिछले निर्वाचन में जिन मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा हो उनका चिन्हांकन कर वहां स्वीप गतिविधि आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करें ताकि मतदान के प्रतिशत में बढ़त हो। स्वीप गतिविधि अंतर्गत मानव श्रृंखला, मतदाता जागरूकता रैली, साइकिल रैली, खेल गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता समेत अन्य गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही अधिकारियों को इन कार्यक्रमों में शामिल होने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में जनपद सीईओ प्रमोद कुमार खरे, नपा सीएमओ धीरज शर्मा समेत अन्य विभागों के अधिकारी तथा स्कूल प्राचार्य मौजूद रहे।



विदिशा। स्वीप गतिविधियों के लिए आयोजित कार्यक्रम मौजूद कलेक्टर वैद्य।

### मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लटेरी भ्रमण के दौरान मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी खिंचवाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपने मत की ताकत को समझना महत्वपूर्ण है हमें सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। शत प्रतिशत मतदान हो इसलिए सभी मतदाता बंधुओं को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मत का प्रयोग ही नहीं करना चाहिए बल्कि अपने आसपास के मतदाताओं को भी वोट डालने प्रेरित करना चाहिए।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2530
उच्चतम भाव-3700
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-2895
अलसी
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-4700
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5720
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6286
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4555
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2710
उच्चतम भाव-4651
सरसों
न्यूनतम भाव-3460
उच्चतम भाव-5401
तुअर
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3680
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3600

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में गुरूवार को 25810 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### रुपए लेकर भागे आरोपी को पकड़ा

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शाम के समय नवीन कृषि उपज मंडी में एक किसान के रुपयों से भरा बैग लेकर भाग रहे युवक को मंडी में पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राण सिंह आदिवासी शाम के समय मंडी में फसल बेचकर बैग में 70 हजार रुपए रखकर अपने घर जा रहा था। तभी एक युवक ने उस पर खुजली का पावडर डाल दिया और रुपयों से भरा बैग लेकर भाग निकला। जिसे मंडी में तैनात पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम राज सांसी उम्र 18 वर्ष निवासी मिर्काबाद मुंगावली बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भादंवि धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जलेगी नारियल की होली

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पिथौली धाम बालाजी बांकागढ में रात्रि 8 बजे नारियल होली दहन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण, दर्शन प्रसादी हेतु भक्तों का आना जाना रहता है। उक्त जानकारी समिति अध्यक्ष अतुल नेमा ने देते हुए बताया कि रविवार को ग्राम पिथौली धाम में नारियल होली दहन कार्यक्रम किया जाएगा। व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन व्यवस्था आवश्यक है।

## खिले सेमल और पलाश के फूल




गंजबासौदा। ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होते ही इलाके में लगे पलाश और सेमल के वृक्षों में लाल फूल खिल उठे हैं जो यहां से गुजरने वाले राहगीरों को अनायास ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि होली पर पलाश के फूलों को पानी में गलाकर प्राकृतिक रंग बनाए जाते रहे हैं।

### अमानक स्तर की पॉलीथिन उपयोग को लेकर दुकानों की हुई जांच

# नगर पालिका ने 3 दुकानदारों पर लगाया 2000 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासन के निर्देश अनुसार शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयंत वर्मा के मार्गदर्शन में अमानक स्तर की पॉलिथीन का उपयोग करने पर नगर में अभियान चलाकर दुकानों पर जांच एवं कार्रवाई की गई। इस दौरान तीन दुकानदारों के पास अमानक स्तर की पॉलीथिन पाए जाने पर उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई और अन्य दुकानदारों एवं व्यापारियों को भी अमानक स्तर की पॉलीथिन का उपयोग न करने की हिदायत दी गई।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश अनुसार 75 माइक्रोन से कम मोटाई के कैरी बैग पॉलीथिन प्रतिबंधित है। नपा भी समय समय पर इस संबंध में व्यापारियों और दुकानदारों को समझाइश देकर अमानक स्तर की पॉलीथिन का उपयोग न करने की हिदायत देती रही है और कार्रवाई भी की जाती रही है। इसके बावजूद कुछ व्यापारी और दुकानदारों द्वारा अमानक स्तर की पॉलीथिन का धडल्ले से उपयोग एवं विक्रय किया जा रहा है।

इसी को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देश पर नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान, संतोष प्रभारी दरोगा, चिराग, राजा चावारिया, गोपाल, दिनेश, धर्मेंद्र, धनराज आदि की टीम के द्वारा नगर में दुकानों की जांच करते हुए अमानक पॉलिथीन पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अमानक स्तर की पॉलीथिन का उपयोग पाए जाने पर सुखानंद किराना स्टोर पर 1000 का जुर्माना एवं न्यू शीतल किराना स्टोर पर 500 रुपए जुर्माना, श्री राम किराना स्टोर पर 500 रुपए का जुर्माना आरोपित किया गया एवं उनके प्रतिष्ठान पर पाई गईं अमानक स्तर की पॉलिथीन को जब्त कर उसको नष्ट किया गया। इस दौरान दुकानदारों, व्यापारियों एवं नागरिकों को हिदायत दी गई कि वह अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करें। घर से झोला लेकर आएं। पॉलीथिन पर्यावरण को प्रदूषित करती है। उक्त पॉलिथीन को मवेशी खा लेते हैं जिससे गाय सहित अन्य मवेशी मृत हो जाते हैं, साथ ही पॉलिथीन नाली और नाले में जमा हो जाती हैं। जिससे सफाई कार्य बाधित होता है। पॉलिथीन पर इस तरह की कार्रवाई नियमानुसार आगे भी जारी रहेगी।

## त्योंदा पुलिस ने किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शुक्रवार को त्योंदा पुलिस द्वारा भ्रमण किया गया। साथ ही जहां पर होली दहन किया जाता है उस जगह का मौका मुआयना किया गया। साथ ही लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली जलाने एवं त्यौहार मनाने की समझाइश दी गई। जिसमें त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, एएस आई रघुपति यादव, एसआई साहू, प्रधान आरक्षक अनिल साहू, सत्येंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## मानसिक रूप से दिव्यांग महिला को पहुंचाया आश्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शाम के समय गंजबासौदा रेलवे स्टेशन के पास अत्यंत दयनीय हालत में मानसिक रूप से दिव्यांग महिला को नगर के युवाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पहले उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इसके पश्चात जागरूक युवाओं ने प्रशासन की मदद से शुक्रवार को प्राइवेट एंबुलेंस द्वारा समस्त कागजी कार्रवाई पूरी करके महिला को अपना घर आश्रम भरतपुर राजस्थान रवाना किया गया। जहां महिला का समुचित इलाज और रहने खाने की व्यवस्था आश्रम द्वारा की जाएगी। सेवा के इस कार्य में विशेष सहयोग भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, चंद्र शेखर दुबे, एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, नीलेश अग्रवाल, कवि नीलेश चतुर्वेदी अनिल दाऊ फाउंडेशन के नितिन यादव, मयंक शाह, सोनू समैया, अंकित सेन, लालू महाराज, संजय सिलावट, प्रकाश अहिरवार, रामनारायण नरवरिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। सभी युवाओं ने नगर के प्रशासनिक अधिकारियों को समाजसेवा के इस कार्य में सहयोग प्रदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने गबन करने वाले आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



देहात थाना पुलिस द्वारा नगर के व्यापारी की लाखों की धान का पैसा गबन कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। जिसने भादंवि की धारा 406, 409 में दर्ज प्रकरण के आरोपी की तलाश शुरू की और टीम हरियाणा के अंबाला शहर के लिये रवाना हुई। टीम ने अंबाला से आरोपी आशू गंभीर पुत्र गिरधारी लाल गंभीर उम्र 45 साल निवासी व्बीपी ब्लॉक प्रीतमपुर दिल्ली हाल नए ओला मस्कपुर अंबाला हरियाणा को गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी को यहां लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना देहात हरिकिशन लोहिया, केएल त्रिपाठी, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, वीरेन्द्र लोधी, अमनदीप जाट, प्रमेन्द्र नामदेव की विशेष भूमिका रही।

### सरेराह महिला के साथ हुई चेन स्नेचिंग की घटना



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शाम के समय सिटी थाना अंतर्गत एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग की घटना घटित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसके तुरंत बाद पुलिस भी हरकत में आई और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपितों की फुटेज पुलिस खंगाल रही है। देर शाम पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर लूट का मामला पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विदिशा निवासी 35 वर्षीय भारती रघुवंशी अपने मायके आई हुई थीं और वह शुक्रवार को अपनी भाभी विनिता के साथ खरीददारी करने के लिए बाजार गई थीं। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो युवकों ने पीछे से उनके गले से सोने की चैन छपट ली और वहां से भाग निकले। बदमाश जयस्तंभ चौक से होते हुए बरेठ रोड की ओर भागे। घटना के बाद पुलिस ने आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा और आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया है। पीड़ित महिला ने बताया कि सोने की चेन जिसका वजन लगभग डेढ़ तौला और उसमें दो सोने के लॉकेट थे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी।

### शिविर में नेत्र चिकित्सकों ने दी सलाह

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा 13 मार्च को हुए मोतियाबिंद के ऑपरेशन के पश्चात हितकारिणी धर्मशाला में प्रथम फालोअप शिविर लगाया गया। जिसमें जांच केंद्र सेन्टर इंचार्ज डॉक्टर हरिप्रसाद, डॉ रविंद्र रघुवंशी विदिशा सेंटर इंचार्ज एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 48 नेत्र रोगियों में से 40 नेत्र रोगियों की पुनः जांच कर निशुल्क दवाइयां दीं। इस अवसर पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह, सचिव सुरेश कुमार तनवानी, सह सचिव विनीत अरोरा, राम गोपाल गुप्ता, प्रकाश माहेश्वरी, रेलवे विभाग से हेमंत राय एवं हितकारिणी धर्मशाला के रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष कांतिभाई शाह एवं सचिव सुरेश तनवानी ने बताया कि आंख जांच का अगला नेत्र शिविर का कैम्प 15 अप्रैल सोमवार को हितकारिणी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक लगाया जाएगा। नेत्र शिविर नागरिक समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में नेत्र शिविर में शामिल होकर नेत्र परीक्षण करवाकर कैंप का लाभ लेने की अपील की है।

## 48 घंटे में पकड़े बलात्संग के आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस द्वारा 48 घंटे के भीतर बलात्कार के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में 20 मार्च को पीड़ित महिला ने देहात थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके साथ दो व्यक्तियों ने बलात्कार किया है। जिस पर से पुलिस ने धारा 376 (d) 506 IPC 3(1) ( W)(II) 3(2)( VA) एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया था। जिसमें आरोपी फरार थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश की गई। जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी रामबाबू आदिवासी, शिवम बघेल निवासी ग्राम गोंहची को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया, दिव्या पाराशर, अजय गर्ग,गौतम, दिलीप, ऋषभ, सचिन जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सब्जी और फल के ठेले बन रहे बाधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



जिस सड़क निर्माण के लिए ढाई साल पहले आम नागरिकों सहित वकीलों ने आंदोलन किया था। निर्माण के बाद अब उसी सड़क पर यहां के दुकानदारों सहित हाथ ठेले वालों ने सामान रखकर कब्जा जमा लिया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा पाराशरी नदी के पुल से मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए करीब 20 फीट चौड़े सीसी सड़क का निर्माण दो साल पहले कराया था। लेकिन उक्त सड़क मार्ग के किनारे लगी किराना सहित अन्य दुकानों के दुकानदारों द्वारा सड़क के दोनों छोर पर सामान रखना प्रारंभ कर दिया। उसी मार्ग पर अब सब्जी, फल के हाथ ठेले खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे अंत्येष्टि के लिए शव यात्रा में आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा वहां पर अव्यवस्थित खडे वाहन भी परेशानी का मुख्य कारण बने हुए हैं। पाराशरी मुक्ति धाम जाने वाले इस मार्ग से पचमा बायपास मार्ग भी जुड़ा हुआ है यहां से भी वाहनों का आवागमन होता है। इसके अलावा नगरपालिका कार्यालय तक यह मार्ग जाता है। जिस मार्ग पर नगर पालिका के वाहन भी निकलते हैं, वाहनों का भारी दबाव इस मार्ग पर रहता है लेकिन पाराशरी पुल से लेकर मानस भवन के पास तक सड़क को यहां के दुकानदारों द्वारा सामान रखकर संकरा कर दिया गया है जिससे आवागमन बाधित होता है। यातायात का दबाव होने के कारण यहां 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

### उर्मिला देवी माथुर का निधन

गंज बासौदा। स्वर्गीय रमेशचंद्र माथुर उदयपुर वालों की पत्नी एवं श्रीकांत, शशिकांत , निशिकांत माथुर की माताजी तथा हर्ष राज, मयंक, अंश, देवांश की दादी उर्मिला देवी माथुर का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 10 बजे निज निवास सुभाष निकेतन वाली गली,राजपूत कॉलोनी से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली जाएगी। नागरिकों ने श्रीमती माथुर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने नाले के घटिया निर्माण को लेकर की शिकायत

# नपा के नवागत सीएमओ अपने कार्यालय से नदारद आम नागरिक और जनप्रतिनिधि हो रहे हैं परेशान

## नपा ने निर्माण कार्य रूकवाया : एसडीएम बोले-जांच में घटिया निर्माण पाया गया तो ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर पालिका परिषद में अपनी समस्याओं को लेकर एक ओर जहा आम नागरिक परेशान है तो वही दूसरी और पार्षद भी परेशान है। हाल ही में नगर पालिका सीएमओ का स्थानातरण होने से गंज बासौदा से नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने आचार संहिता लागू होने से पहले ही रातो रात नपा सिरोंज में पदभार ग्रहण कर लिया था। वही उनके पदभार ग्रहण करने बाद अब सीएमओ न तो कार्यालय में मौजूद नजर आ रहें और न ही किसी आम नागरिक का फोन रिसीव कर रहें। जिसके चलते शहरवासी काफी परेशान नजर आ रहें है।

### नपा कार्यालय से सीएमओ नदारद

नपा के नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने लगभग पिछले आठ दिन पहले पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद शहर के नागरिक व जनप्रतिनिधि उन्हें ढूड रहें है। नागरिक और जनप्रतिनिधि अपनी समस्याओं को लेकर सीएमओ पवन शर्मा को फोन लगाते है तो वह न तो आम नागरिको का कॉल रिसीव करते और न ही जनप्रतिधियों का। अब समस्याओं का निराकरण कैसे हो।

### घटिया नाला निर्माण को लेकर वरिष्ठ भाजपा पार्षद ने की शिकायत

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद एंव वर्तमान में पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने अपने वार्ड क्रमांक 02 में चल रहें घटिया नाले निर्माण की नपा में शिकायत की। जबकि सचिन शर्मा भाजपा के कद्दावर नेता है उन्होने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार और नपा अधिकारियो से घटिया निर्माण की शिकायत की लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नही हुई। उन्हें उम्मीद थी कि नवनियुक्त सीएमओ पवन शर्मा इस मामले को लेकर कार्यवाही करेगें और निर्माण कार्य अच्छे से होगा। लेकिन नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने इस मामले को लेकर कोई दिलचस्पी नही दिखाई। वही जनचर्चा यह रही कि सीएमओ और ठेकेदार के मधुर संबध होने के कारण सीएमओ द्वारा इस मामले में कोई कार्यवाही नही की गई।

### ठेकेदार को नोटिस भी जारी

वार्ड क्रमांक 02 में ठेकेदार द्वारा नाले का घटिया निर्माण किया जा रहा था। लगभग सात दिन पहले स्थल निरीक्षण के बाद ठेकेदार को काम रोकने की सख्त हिदायत दी थी। इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा काम नही रोका गया। ठेकेदार द्वारा शुक्रवार से ही काम बंद किया गया है नाले निर्माण में जो घटिया सामग्री का उपयोग हुआ है उसे टुडवाकर पुनः नाले का निर्माण कार्य किया जाएगा। ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया गया है।

अखलेश मारको,इंजीनियर नगर पालिका परिषद सिरोंज।

### ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी

उक्त निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी। जांच में घटिया निर्माण पाया जाता है तो ठेकेदार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

हर्षल चौधरी,एसडीएम सिरोंज।



### आखिर घटिया नाला निर्माण का क्या है मामला

नगर के वार्ड क्रमांक 02 में शिव मंदिर से लेकरएक्सचेंज कार्यालय तक शुरू हुए नाला निर्माण में ठेकेदार की मनमानी ओर अधिकारियों की लापरवाही से पलीता लगाया जा रहा है। कछुआ चाल से हो रहे इस नाला निर्माण में घटिया एवं मानक अनुसार निर्माण सामग्री के उपयोग नही करने और स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा बार बार मौखिक रूप से चेताने के बाद भी गुणवत्ता में सुधार नही हो रहा है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय नागरिकों की माँग पर ओर वार्ड के नागरिको की सुविधा के लिए मुख्य मार्ग पर गंदे पानी की निकासी के लिए बहुप्रतीक्षित नाला निर्माण का कार्य विगत दिनों पूर्व प्रारम्भ किया गया था लेकिन नाले का काम शुरू होने के साथ ही स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों के लिए यह निर्माण कार्य जी का जंजाल बनता जा रहा है। हालात यह है कि इस नाले के शुरुआती दौर में ही इतनी घरती खुदाई कर दी गई है कि एक आदमी इसमें समा जाए। अगर यही हाल रहा तो अंतिम छोर तक पहुँचने पर गहराई का आंकलन कितना होगा समझ से परे है। दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग नही करने से नाले में जगह जगह दरारें भी साफ नजर आने लगी है। जिससे नाले की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय रहवासी श्रवण चौरासिया का कहना है कि ठेकेदार ने हमारे घर के आंगे नाले का निर्माण तो कर दिया लेकिन अंदर से आने वाली नाली को इस नाले से जॉइंट नही किया जिससे पास में खाने के होटल की गंदगी ओर गंदा पानी हमारे हमारे दरवाजे पर ही एकत्रित हो रहा है जिससे बीमारी पनपने की आशंका बढ़ रही है। दूसरी ओर एक महीने से खुदाई हो जाने से यहाँ दुकान करने वाले दुकानदारों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही बेल्डिंग करने वाले भारत धाकड़ ने बताया कि जब से नाले के लिए खुदाई हुई है तब से यहां दुकान करने वाले सभी दुकानदारों का व्यवसाय ठप पड़ा है जिसकी चिंता न ठेकेदार को हे न नपा के अधिकारियों को। पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा का कहना है कि एक ओर जहाँ नाला निर्माण हो रहा है वहाँ के रहवासी सहयोग कर रहे है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है बहुत धीमा है ऊपर से निर्माण जिस गुणवत्ता के साथ होना चाहिए वह नही हो रहा। नर्मदा रेत के स्थान पर लोकल मिट्टी मिली रेत ओर चुरी का उपयोग किया जा रहा है और सीमेंट भी गुणवत्ताहीन प्रयोग में लाई जा रही है। बार बार बताने ओर समझाने के बाद भी न तो अधिकारी सुन रहे न ठेकेदार। उन्होंने बताया कि वह मौखिक रूप से नपाध्यक्ष को भी वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुके है लेकिन कोई गंभीरता से ध्यान ही नही दे रहा।

## गांव के विकास में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका है : कलेक्टर



**सिरोज।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वेद्य एंव जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने सिरोज में भम्रण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा किया। वही कलेक्टर ने ग्रामीणो से रूबारू मुलाकात की और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि गांव के विकास के लिए मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित किया। वही उन्होने नव मतदाताओं एंव बुजुर्ग मतदाताओ का स्वागत किया। नगर के शासकीय पॉलिटैनिक कॉलेज में लोकसभा चुनाव से संबधित समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी मौजूद रहें।

## कृषि उपज मंडी में 23 मार्च से 1 अप्रैल तक बंद रहेगी नीलामी

**सिरोंज।** कृषि उपज मण्डी समिति सचिव रामदीन ने जानकारी देते हुए बताया कि थोक अनाज एंव तिलहन व्यापार संघ की 23 मार्च से 01 अप्रैल तक होली अवकाश एंव वार्षिक लेखाबंदी होने के कारण कृषि उपज मण्डी में नौ दिनो के लिए नीलामी बंद रहेगी।

## सेवा भारती ने नगर की 35 बालिकाओं को वितरित किए स्वच्छता किट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सेवा भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा नगर की अनेको बालिकाओं को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमति माधवी माथुर ने कार्यक्रम के दौरान लगभग 35 बालिकाओं को स्वच्छता किट का वितरण किया। वही कार्यक्रम में अनेको बालिकाओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। इस मौके पर नगर सेवा समिति के समस्त सदस्य,संस्कार केन्द्र के बहने एंव सेवा भारती विभाग प्रमुख राजेश भार्गव मौजूद रहें।

प्रशंसकों में हर्ष व्याप्त

## एड. त्यागी बने सागर-विदिशा संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



भाजपा के कद्दावर नेता एंव अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा की अनुमति एंव भाजपा कानूनी एंव विधिक कार्य विभाग के प्रदेश सहयोजक संतोष शर्मा के निर्देश व भाजपा जिला अध्यक्ष की सहमति से भाजपा कानूनी एंव विधिक कार्य विभाग के विदिशा-सागर लोकसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया। श्री त्यागी के लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त होने के बाद उनके प्रशंसको में हर्ष व्याप्त है। एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के निर्देश और अनुमति के बाद ही सागर-विदिशा संसदीय क्षेत्र में कार्य प्रांरभ कर दिया गया है। क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में बहुत ही बडिया माहुल है और इस बार भी लोकसभा चुनाव में 400 सीट पार कर जीत होगी।

## 4105 नए मतदाता बढ़े, अब दो लाख 65 हजार 425 हुए

### उदयपुरा-बरेली विधानसभा के 308 मतदान केन्द्रों पर होगा मतदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भाजपा द्वारा लोकसभा का उम्मीदवार चौधरी दर्शन सिंह को घोषित कर दिया है। कांग्रेस से कौन होगा उम्मीदवार चर्चाओं एवं कयासों का दौर चल रहा है। 4 माह पूर्व हुए विधान सभा चुनाव में 2 लाख 61 हजार 320 मतदाता थे। 4 महिनों में 4105 नए मतदाता जुड़ जाने से अब विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 65 हजार 425 हो गई है। उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। भाजपा से लगातार सांसद रहे राव उदयप्रताप सिंह विधानसभा का चुनाव लड़े और विधायक चुने जाने के साथ प्रदेश के शिक्षामंत्री के रूप में कार्य कर रहे है। भजापा ने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया जा चुका है। वहीं लगातार पराजय का मुंह देखने वाली कांग्रेस पर्टी से कौन लोकसभा प्रत्याशी होगा चर्चाओं का बाजार गर्म बना हुआ है।

### द्वितीय चरण 26 अप्रेल को मतदान

होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में द्वितीय चरण में 26 अप्रेल को मतदान होना है। विधानसभा क्रमांक 140 में 308 मतदान केन्द्रों पर 2 लाख 65 से अधिक मतदाता अपने माताधिकार का उपयोग करेंगे। जिसकी चुनाव आयोग एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई है। बुधवार को चुनाव को लेकर पॉलिटेक्निक कालेज में कर्मचारियों का प्रशिक्षण से शुरूआत भी हो गई है।

### निर्वाचक स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी रुप से नैतिक मतदान करें

सागर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को आम निर्वाचन 2024 की विस्तृत समय सारणी जारी की है। इस समय सारणी के अनुसार सागर लोकसभा क्षेत्र हेतु मतदान 7 मई 2024 को होना है । सागर जिले के अंतर्गत दमोह लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र रहली, बंडा, देवरी हेतु मतदान 26 अप्रैल को होना है ।

## गेंहू की फसल में इल्ली का भारी प्रकोप, तना व बालियां काट रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



संपूर्ण क्षेत्र में चना मसूर की कटाई, थ्रेरसिंग का कार्य चल रहा है। गेंहू की फसलें भी रंग बदल रही हैं। बार-बार मौसम बदलने, आसमान में निरंतर बादल बने रहने के असर से पहली बार गेहूं की फसलों में इल्ली का भारी प्रकोप होने से किसान हैरान-परेशान बने नजर आ रहे हैं। गेंहू फसलों में पहले पकने, कटाई पूर्व हुए इल्ली के प्रकोप से तना-बालियां काटने और गिरने की नुकसान दायक स्थिति बनी हुई।

गेहूं की खेती को सबसे सुरक्षित खेती माना जाता है। जिसमें इल्ली का प्रकोप नही होता, रोग भी कम लगते हैं। परंतु इस वर्ष गेंहू की बोवनी के बाद जनवरी, फरवरी मार्च के महिनों में बार-बार मौसम बदला, बारिश हुई और अधिकांश समय आसमान में बादलों की सघनता से चना, मसूर, तुअर की फसलों में इल्ली के साथ रोगों का प्रकोप बना रहा। अब कटाई पूर्व गेहू की फसलों में इल्ली पैदा हो जाने के साथ वह फसलों को नुकसान पहुंचा रही है।

### चना उत्पादन में गिरावट

चना, मसूर, बटरी की बोवनी दीपावली, दशहरे के बीच होती है। पिछले महीनों में प्राकृतिक आपदाओं, वारिश होना, आंधी चलने से चना, मसूर की फसलें अधिक बढ़ गई और पौधे अधिक बड़े होने, फल-फूलों की संख्या कम और झड़ जाने से नुकसान, दायक स्थिति रही।

आड़ी हुई और बड़ी हुई चना की फसलों में प्रति एकड़ औसत उत्पादन आधे के आसपास रहने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की स्थिति बन रही है। पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष चना की खेती का रकबा अधिक था परंतु उत्पादन कम होने से किसान निराश नजर आ रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से मौसम नरम-गरम के साथ आसमान में निरंत बादलों का डेरा बना हुआ है। गेंहू की बालियों में दाना पकने की महत्वपूर्ण स्थिति है ऐसे समय में तेज धूप और मौसम साफ रहना चाहिए सबसे सुरक्षित माने जाने वाली गेंहू की फसल में हुआ इल्ली का प्रकोप बर्बादी और उत्पादन में भारी कमी का कारण बन सकता है। इल्ली हरे गेंहू के पौधों और बालियों को काट रही है। जिससे किसानों द्वारा बड़े अरमानों के साथ तैयार की गई गेंहू की फसल पर इल्ली का प्रकोप बड़ा संकट बन रहा है।

## 45वीं जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- देश भर से 27टीमों के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होगी स्पर्धा

हैंडबॉल फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में विदिशा हैंडबॉल एसोसिएशन के नेतृत्व में विदिशा की थरातल पर पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है।

मप्र हैंडबॉल एसोसिएशन के बैनर तले 23 मार्च से 27 मार्च तक खुसाभाऊ ठाकरे खेल परिसर , कनारा मैदान विदिशा में 54वी जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें देश भर से 27 राज्यों की टीमें भाग लेने वाली हैं। इसमें करीब 500 बालक खिलाड़ी टूर्नामेंट में शिरकत करने वाले हैं इसमें गत वर्ष की विजेता मध्य प्रदेश की टीम भी अपने शानदार हुनर के प्रदाशन से अपने खिताब को हासिल करने को बेताब हैं। विदिशा हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह के मार्गदर्शन में जिस तरह खेलों को बढ़वा देने में रुचि दिखाई है ये युवा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ संकेत हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 मार्च शाम 5 बजे कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के मुख्य आतिथ्य में होगा।

## समाजहित में सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना

**सागर।** राष्ट्रीय सेवा योजना महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के अंतर्गत मुक्त इकाई एवं संस्था इंफिनिटी मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग कॉलेज सागर की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का प्रारंभ सुबह की प्रभात फेरी एवं योग के साथ हुआ। पांचवे दिन के चौथे बौद्धिक सत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्पधाम ग्रुप सागर से डायरेक्टर पुरुषोत्तम चौरसिया एवं मैनेजर इंजीनियर सारांश गौतम रहे साथ ही संस्था इंफिनिटी मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग कॉलेज सागर प्रो आकाश चौधरी ने अतिथि की अगुवाई की चौरसिया ने छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना के साथ शिक्षा एवं समाज सेवा के साथ अनुशासन एवं समय के महत्व के बारे में बात की।

## फोरलेन बदहाल, ब्रिज पर नहीं लगी लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भोपाल जबलपुर फोरलेन 45 पर चौबीसों घण्टों भारी नियमों की अनदेखी कर वाहनों से टोल राशि की बसूली हो रही है। स्थान स्थान पर फोरलेन मार्ग क्षतिग्रस्त बड़ी बड़ी लम्बी दरारें और विभिन्न स्थानों पर बने ओवर ब्रिजों की सर्विस रोड अत्याधिक क्षतिग्रस्त गड्डों भरी होने से वाहनों का संतुलन बिगड़ राहा है। बाडी के साथ बरेली, खरगौन, उदयपुरा में फोरलेन 45 मार्ग पर वायपास मार्ग बने है। विभिन्न क्रांसिग स्थानों पर यातायात सुरक्षा की दृष्टि से संकेतक न लगाए जाने से क्रांसिंग वाले चौराहे पर तेज गति वाहनों की चपेट में आने से जानलेवा हादसे बढते जा रहे है। इसी के साथ विभिन्न स्थानों पर संकेतकों के न होने से दूर दराज के वाहन चालक परेशान और चक्कर लगाने मजबूर बने रहते हैं।

### नहीं लगी लाइटें

फोरलेन पर विभिन्न स्थानों पर ओवर ब्रिज और गिट्टी डामर के सर्विस रोड बने है। ओवर ब्रिजों पर लाइटें लगाने की मांग लम्बे समय से बनी हुई है। अनेक बार अधिकारियों, कमिश्नर, कलेक्टर, एसडीएम को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी एमपीआरडीसी के अधिकारी और ठेकेदार की उदासीनता बनी हुई है। रात के अंधेरे में ओवर ब्रिजों पर यातायात जोखिम भरा बना रहता है। लाइट बिहीन ओवरब्रिज जुआड़ियों शराबियों के अड्डे बन गए है। विभिन्न स्थानों पर ओवरब्रिजों के साथ बनी सर्विसरोड रख रखाव मरम्मत के अभाव में क्षतिग्रस्त बनी हुई है। डामर मिट्टी की सर्विस रोड के किनारों पर पानी निकासी की तकनीकि दृष्टि से निर्माण न होने के कारण वाहनों का संतुलन बिगडने भारी वाहन फसने की स्थिति भी बनती है। नर्मदा रेत से भरे ओवर लोड डम्फरों का भारी आवागमन होने से बने गड्डों का आकार बढता जा रहा है। सीसी रोड की दरारे और बडी गहरी होती जा रही है।



**बरेली।** फोरलेन मार्ग पर बड़ी बड़ी दरारें होने से दुर्घटनाओं का खतरा रहता है।

### 60 किलोमीटर में पड़ते हैं दो टोल प्लाजा

बाडी से उदयपुरा के बीच दो स्थानों पर पारतलाई और खिरिया में बने टोल नाकों की दूरी व मुश्किल 50 किमी है। जहां नियम विरुद्ध वाहनों से टोल राशि की बसूली की जा रही है। भारी भरकम टोल रशि देने के बाद भी वाहन चालकों को जैसी यातायात सुविधा मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है।

संस्कृत विद्यालय सागर में उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया

## उपनयन संस्कारित बालक अपने अंदर ब्राम्हणत्व गुण संकलित करें: डॉ.तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संस्कृत विद्यालय सागर में उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें 45 विप्र बालको का उपनयन यज्ञोपबीत संस्कार हुआ। कार्यक्रम में शामिल डॉ अनिल तिवारी वरिष्ट भाजपा नेता एवं संस्थापक कुलपति स्वामी विवेकानंद विश्व विद्यालय ने सम्बोधन में कहा कि पहले सनातन धर्म की शिक्षा इसी संस्कृत विद्यालय जैसे गुरूकुलो में हुआ करती थी और यज्ञोपवीत की उत्पत्ति और धारण करने की परम्परा अनादि काल से है।

आधुनिकता के दौर में शिक्षा के लिए विश्व विद्यालय और बड़े-बड़े संस्थान बन गए लेकिन अब पुनः समुदाय गुरूकुलो की और अग्रसर हो रहा है। उपनयन बालको को संदेश दिया कि हमारे अन्दर ब्राह्मणत्व होना चाहिए क्योकि ब्राह्मण जाति में हमने जन्म नहीं लिया हमारा जन्म भगवान ने ब्राह्मण जाति में कराया है। परन्तु ब्राह्मण कर्म हमारे हाथ में है जिसे अपने जीवन में संकलित करके अपना ही नहीं समाज का उत्थान करके अपने कुल, जाति और सनातन धर्म को गौरान्वित करे। डॉ अनित तिवारी ने संस्कृत विद्यालय के लिए प्रत्येक वर्ष व्यक्तिगत रूप से 12000 रूपए सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम को नगर विद्यायक शैलेन्द्र जैन ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पं. संत विपिन बिहारी, पं. रामकुमार खंपरिया, शुकदेव तिवारी, बासुदेव दुबे, पं. के के सिलाकारी , पं. रमाकांत त्रिवेदी, पं. रामचरण शास्त्री, हरि महाराज, पं.ज्वालाप्रसाद रिछारिया, पं. उमाकांत गौतम, शक्ति मिश्रा, शिवनारायण शास्त्री, देवाशीष प्यासी, अमित कटारे, शरद मिश्रा सहित अनेक विप्रजन और मातृशक्तिया उपस्थित थी।



## छत में दिखने लगा लोहा, हादसा होने पर जानमाल की होगी क्षति

# कभी भी हादसे का कारण बन सकता है महिला बाल विकास कार्यालय भवन

- भय के साए में कार्य करने को मजबूर कर्मचारी
- करीब 25 साल पूर्व बना भवन हो चुका है जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय क्षतिग्रस्त भवन में संचालित किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व होना बताया जा रहा है। क्षतिग्रस्त भवन कभी भी हादसे का कारण बन कता है। लेकिन विभाग के द्वारा ना तो क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराई जा रही है ना ही नव निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर कार्रवाही की जा रही है। भवन कभी भी धरासाई होकर हादसे का कारण बन सकता है। हादसा होने पर जान माल की क्षति होने से इंकार नही किया जा सकता है।

नगर के वार्ड नंबर एक टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय संचालित है। इस कार्यालय भवन का निर्माण करीब 25 साल पूर्व होना बताया जा रहा है। यह भवन पूर्णता क्षतिग्रस्त हो गया है। अनेको स्थानो से दीवारो में दरारे आ गई है। छत से प्लास्टर गिर जाने के कारण लोहा दिखाई देने लगा है। महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से तहसील भर में लगभग दो सौ आगंनवाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे है। इन केंद्रो पर 4 सौ से अधिक महिला कार्यकर्ता व सहायिकाए कार्य कराती है। जो कि विभागीय कार्यो के चलते सिलवानी कार्यालय आती है।

इसी भवन में विभागीय बैठको का भी आयोजन किया जाता है। लेकिन क्षतिग्रस्त भवन होने के कारण हमेशा ही हादसे की आशंका बनी रहती हैं।



### वरिष्ठ कार्यालय नहीं कर रहा कार्यवाही

*क्षतिग्रस्त हो चुके महिला बाल विकास कार्यालय भवन की मरम्मत कराए जाने को लेकर विभाग के बरिष्ठ कार्यालय के द्वारा गंभीरता के साथ कार्रवाही नहीं की जा रही है। हालांकि सिलवानी कार्यालय से विभागीय अधिकारियो के द्वारा भवन की स्थिति से बरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद भी उच्चाधिकारी क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत कराने व नव निर्माण को लेकर कार्रवाही करन से कतरा रहे है। फलस्वरुप कर्मचारी भय के साये में कार्य करने को मजबूर है।*

### बरसात के मौसम में छत से टपकता है पानी

*बरसात के मौसम में क्षतिग्रस्त भवन की हालत बद से बदतर हो जाती हैं। बारिश का पानी छत से टपकता है। बारिश का पानी छत के माध्यम से अंदर भरा जाने से दस्तावेज भी गीले हो जाते है। बल्कि पानी लगने से छत में लगे लोहे में भी जंग लगने लगी है जिससे लोहा कमजोर होने लगा है। जर्जर हो चुका भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। हादसा होने पर जान माल की क्षति होने से इंकार नही किया जा सकता है। प्रशासन को इस क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत या नव निर्माण कराए जाने की कार्रवाही करनी होगी ताकि हादसे को टाला जा सके। अनेक आगंनवाडी कार्यकताओ ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्षतिग्रस्त भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। अतः विभाग को शीध्र ही भवन की मरम्मत या नवीन भवन का निर्माण कराना चाहिए। ताकि हादसे की आशंका को टाला जा सके।*



# महिलाओं ने रैली निकाली और मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन-2024 में रायसेन जिले में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सुनारी तथा ग्राम पंचायत शाहपुर के होमस्टे ग्राम भरतीपुर में महिलाओं तथा अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर तथा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर जनपद सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी, जनशिक्षक सूर्यप्रकाश सक्सेना सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।





## खबर संक्षेप

### ईवीएम के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया हुई संपन्न

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्र वार अलॉट कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### मंडी 23 से 26 एवं 29 मार्च से 1 अप्रैल तक बंद

**रायसेन।** कृषि उपज मंडी समिति रायसेन के सचिव द्वारा जानकारी दी गई कि 23 मार्च को बैंक अवकाश, 24 मार्च को रविवार अवकाश तथा 25 मार्च को होली पर्व एवं होली के दूसरे दिवस 26 मार्च को तथा 29 मार्च को गुडफ्राइडे अवकाश होने तथा 30 मार्च से 01 अप्रैल तक वार्षिक लेखा बंदी कार्य होने से मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। किसान भाईयों से इन दिनाकों में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु नहीं लाने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च तथा 28 मार्च को मंडी में नीलामी कार्य प्रारंभ रहेगा।

### एसटी छात्रावास सुल्तानपुर के अधीक्षक को एससीएन

**रायसेन।** जिले के सुल्तानपुर स्थित अनुसूचित जनजाति सीनियर बालक छात्रावास में छात्रावासी छात्रों से छात्रावास के बाहर नाली सफाई का कार्य कराए जाने की जानकारी संज्ञान में आने के उपरांत तहसीलदार सुल्तानपुर के जांच प्रतिवेदन पर कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा उक्त छात्रावास के अधीक्षक आरएस चिडार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। अधीक्षक श्री चिडार को तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही अधीक्षक आरएस चिडार को आगामी आदेश तक जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग में संलग्न किया गया है। अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम हैदरी के प्राथमिक शिक्षक गौतम शर्मा को आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सुल्तानपुर एवं अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास सुल्तानपुर में अधीक्षक का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

## वन विभाग की 4 टीमें कर रही बाघ की सर्चिंग

# किला पहाड़ी पर बाघ का मूवमेंट किले जाने वाले मार्गो पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की किले की पहाड़ी पर बाघ के मूवमेंट के बाद वन विभाग की अलग-अलग टीम दिन-रात सर्चिंग में लगी हुई है। वहीं वन विहार को टीम ने दो पिंजरे भी लगाए है तथा मूवमेंट कैद करने कैमरे भी लगाए है। एक पिंजरा किले की पहाड़ी पर तो दूसरा बायपास रोड गौशाला के पास साथ ही कैमरे भी लगाए गए हैं।

पहाड़ी पर बाघ के मूवमेंट के बाद किले पर जाने वाले सभी रास्तों को बंद किया गया है, ताकि कोई दुर्घटना ना घाट सके। गुरुवार को भी बाघ सोमेश्वर धाम परिसर में पहुंचा यहां पहले से मौजूद एक गाय को बाघ ने देख भी लिया था। बाघ ने बुधवार को किए शिकार को खाकर आया था। जिस कारण उसने सोमेश्वर धाम परिसर में मौजूद गाय का शिकार नहीं किया और वापस लौट गया यह पूरा घटनाक्रम मंदिर के सामने लगे सीसीटीव्ही में कैमरे में कैद हो गया।




**किले की पहाड़ी पर लगी चार टीमों में शामिल:** वन विभाग के पूरव वन परिक्षेत्र के रेंजर प्रवेश पाटीदार ने बताएं कि किले और सीता तलाई की पहाड़ी पर बाघ के मूवमेंट के बाद वन विभाग की टीम लगातार सक्रिय है और बाघ की सर्चिंग कर रही है बुधवार को किले की पहाड़ी पर बाघ के मूवमेंट के बाद वन विभाग की चार टीम किले की पहाड़ी के अलग-अलग रास्तों पर तैनात है साथ ही एक टीम सोमेश्वर धाम सहित आसपास के क्षेत्र में बाघ की सर्चिंग कर रही है।

किले की पहाड़ी पर जाने से पर्यटकों को रोका जा रहा है। सभी रास्तों को बंद किया गया है। ताकि कोई दुर्घटना ना घटे किले की पहाड़ी और गौशाला के पास पिंजरे भी लगाए गए हैं। हालांकि कल लगाए गए किले की पहाड़ी पर कैमरमें बाघ का मूवमेंट कैद नहीं हो पाया है इससे ऐसा लग रहा है कि बाघ जंगल में कहीं चला गया है।

### सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु बनाया कंट्रोल रूम

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07482-299310 है। आमजन की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन शाखा में डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर की स्थापना की गई है, जिसका टोल फ्री नम्बर 18002339272 एवं 1950 है। सेंटर तथा कंट्रोल रूम कक्ष का नोडल अधिकारी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग चन्द्रप्रकाश सोनी को बनाया है। साथ ही तीन पालियों में अधिकारियों, कर्मचारियों की तत्काल प्रभाव से ड्यूटी लगाई है।

### पुरानी चौकी दीवानगंज के सामने दो बाइक में आपस टकराई, दो व्यक्ति घायल

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 दीवानगंज पुरानी चौकी के सामने दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमें दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडीदीप से भोरिया विदिशा जा रहे संजीव मीणा और गोलू मीणा जैसे ही दीवानगंज पुरानी चौकी के सामने पहुंचे तो सामने से आ रही अन्य बाइक से टकरा गए। जिससे भोरिया विदिशा निवासी संजीव मीणा के सर में गंभीर चोट आई तो गोलू मीणा का एक हाथ और एक पैर फ्रेक्चर बताया जा रहा है। दोनों घायलों को दीवानगंज एम्बुलेंस में पदस्थ डॉ दिनेश प्रजापति, पायलट नरेंद्र अहिरवार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सांची अस्पताल ले जाएगा, जहां दोनों का इलाज जारी है।

## 2 घंटे तक ट्रेक पर पड़ा रहा शव

# ट्रैन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

- शव के ऊपर से गुजरी कई ट्रैने,मानवता शर्मसार



सलामतपुर

शुक्रवार को सलामतपुर स्टेशन के राताताई फाटक के पास मानवता को शर्मसार करने वाला घटनाक्रम देखने मिला, जहां एक युवक की सुबह लगभग 6 से 7 बजे के बीच ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो जाती है। लेकिन उसका शव सुबह 9 बजे लगभग दो घंटों तक रेलवे लाइनों के बीच में पड़ा रहता है और उसके ऊपर से कई ट्रेनें गुज़रती जाती हैं। मगर ज़म्मिेदार रेलवे अधिकारियों की नज़र युवक के शव पर पड़ने के बाद भी रेलवे लाईन के बीच से नही हटाया गया और पुलिस के आने का इंतज़ार करते रहे। जिसकी वजह से युवक के शव के ऊपर से कई ट्रेनें गुज़र गई।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह सलामतपुर स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर सूचना देते हुए बताया कि राताताई रेलवे फाटक के पास खंबा नम्बर 875/18 के डाउन ट्रेक रेलवे लाइन पर किसी युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे लाइनों के बीच से हटवाकर सांची स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं पुलिस ने मर्ग क्रमांक 13/24 का मामला दर्जकर जांच में लिया है।

### नहीं हुई युवक की पहचान

*ट्रेन की चपेट में आने से जिस 40 वर्षीय युवक की मौत हुई है। उसकी अभी तक पहचान नही हो सकी है। क्योंकि युवक के पास से कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नही मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके और अभी यह भी पता नही चला है कि युवक ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की है या ट्रेन से गिरकर या टकराकर उसकी मौत हुई है। यह कह पाना भी अभी मुश्किल है। इस घटना की विवेचना के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।*

### स्टेशन पर नहीं रहते जवान

*सलामतपुर स्टेशन पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नहीं रहते हैं। जबकि यह स्टेशन दिल्ली मुंबई मेन रेलवे ट्रेक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है।यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जब कभी कोई ट्रेन से कट जाए या आत्महत्या कर ले। उस समय भी रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से मोके पर आती है। जिसमें काफी समय लग जाता है। और इतने समय तक शव रेलवे लाइनों पर ही पड़ा रहता है। वहीं आसपास बस्तियों के ग्रामीण भी अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे से निकलते हैं।*

# दीवानगंज चौकी में सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आगामी त्योहारों के मद्देनजर नई चौकी दीवानगंज परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक शाम 5 बजे से लेकर 6 बजे तक चली इस बैठक में नायब तहसीलदार नियति साहू, सांची मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी, दीवानगंज चौकी प्रभारी बीरबल सिंह, एएसआई बीएस दांगी, सहित ग्राम दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, निनोद्द, नरखेडा, जमुनिया, बरजोर पुर गीदगड़ सहित आसपास गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए गणमान्य व्यक्तियों दीवानगंज सरपंच गिरिजेश नायक, मनोज अग्रवाल, नरखेड़ा सरपंच रामदियाल लोधी, सेमरा सरपंच भानु लोधी सहित आसपास के गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।



नायब तहसीलदार नियति साहू ने कहां की आने वाले त्योहारों को सब मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ मनाए जिन व्यक्तियों को रंगों से परहेज होता है उन पर रंग डालने में सावधानी रखें ऐसे मौके पर आकस्मिक तत्वों से सावधान रहें साथ ही कहा कि इन दिनों छात्र-छात्राओं की परीक्षा शुरू हो चुकी है। कलेक्टर द्वारा जिले भर में धारा 144 लागू कर दी गई है इस धारा का पालन जनता तथा प्रशासन को मिलकर करने की जरूरत है अभी रमजान भी चल रहे हैं इनका ध्यान में रखकर त्योहार मनाए आने वाले समय में ईद भी आ रही है चुनाव भी होना है माइक यदि पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इसका उपयोग प्रशासन की अनुमति लेकर ही किया जाए बच्चों की पढ़ाई और पेपर को ध्यान में रखकर ग्रामवासी अपना त्यौहार मनाए। अगर किसी व्यक्ति को किसी पर संदेह हो तो चौकी पर सूचना दें ताकि हम उचित समय पर कार्रवाई कर सकें, जहां पर होली जले उसको छोटे रूप में जलाएं जिससे आसपास के घरों में नुकसान नहीं पहुंचे। गणमान्य व्यक्ति सामने रहकर होली जलवाए ताकि, इससे बच्चों और घरों को हानी ना पहुंचे।

## पूजा के बाद पवित्र अवशेषों को चैत्यगिरी बिहार मंदिर में बने तलघर में रखा

# सारिपुत्र-महामोगल्यान के पवित्र अवशेष पुनः सांची स्तूप आए

- दर्शनार्थ हेतु थाईलैंड गए पवित्र अवशेषों का 40 लाख से अधिक बौद्ध श्रृद्धालुओं ने किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भगवान बुद्ध के शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हंत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को थाईलैंड से वापस सांची में बौद्ध स्तूप पसिर में स्थित चैत्यगिरी विहार मंदिर में लाया गया। यहां भारत सरकार द्वारा अधिकृत तथा राष्ट्रीय संग्रहालय के प्रतिनिधि डीजे प्रदीप द्वारा अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हंत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को महाबोधी सोसायटी श्रीलंका के प्रमुख वानगल उपतिस्स नायक थेरो तथा कलेक्टर अरविंद दुबे को सौंपा। बौद्ध स्तूप परिसर स्थित मंदिर में इन पवित्र अवशेषों को विधिवत पूजा-अर्चना कर सुरक्षित रूप से तलघर में रखा गया। पवित्र अवशेषों को मंदिर में लाते समय गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। सुरक्षित तरीके से पूर्ण प्रक्रिया का अभिलेखीकरण, वीडियोग्राफी तथा पंचनामा भी तैयार कराया गया। इस अवसर पर आईबीसी के डायरेक्टर श्री विजयेंद्र थापा, पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल भी उपस्थित रहे।





उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने के उपरांत सांची में बौद्ध स्तूप परिसर में स्थित मंदिर में रखे भगवान बुद्ध के शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हंत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को 14 फरवरी 2024 को सांची से भोपाल और फिर दिल्ली ले जाया गया।

वहां से इन पवित्र अवशेषों को दर्शनार्थ हेतु थाईलैंड, बैंकाक और कंबोडिया विहार ले जाया गया। दिनांक 22 फरवरी से 18 मार्च 2024 तक थाईलैंड और विभिन्न शहरों में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को अनुयायियों और आमजन के अवलोकन के लिए बुद्धभूमि भारत पैवेलियन में रखा गया। लगभग 40 लाख से अधिक बौद्ध श्रृद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हंत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों के दर्शन किए।

### जिले में होली व रंगपंचमी को शुष्क दिवस घोषित

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिले में 25 मार्च होली त्यौहार तथा को प्रातः 8.30 बजे से शाम 04 बजे तक और 30 मार्च रंगपंचमी पर प्रातः 08.30 बजे से शाम 04 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले की विनिर्माणी इकाईयों में मदिरा का उत्पादन, इकाई डी-1, बी-3, एफएल-9ए, सीएस-1बी में उत्पादन को छोड़कर विनिर्माण, मदिरा का आयात-निर्यात तथा परिवहन और समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों तथा समस्त बार एफएल-2, एफएल-3 को होली त्यौहार 25 मार्च को और रंगपंचमी 29 मार्च के अवसर पर सम्पूर्ण रायसेन जिले में प्रातः 8.30 बजे से शाम 4 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है।